# कार्यालय उपायुक्त स्वतः रोजगार, अमेठी

उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन

(ग्राम्य विकास विभाग, अमेठी, उ0प्र0)

email:dmmuamethi@gmail.com

पता कमरा नं0 47, विकास भवन, गौरीगंज, जनपद अमेठी, उ0प्र0।

## कार्यालय विज्ञप्ति

मिशन निदेशक महोदया, उ0प्र0 राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन क पत्र सं0 1740/4497/CBO-HR /2026–27, दिनांक 25.06.2026 द्वारा मॉडल संकुल स्तरीय संघ में **'लेखाकार'** एवं **'एम0आई0 एस0–सहायक'** पद के चयन हेतु निम्नलिखित मॉडल संकुल स्तरीय संघ द्वारा आवेदन पत्र आमंत्रित किये जा रहे है। जिनका विवरण निम्नवत् है–

| क0सं0 | विकास खण्ड | संकुल स्तरीय संघ का नाम | मॉडल संकुल स्तरीय संघ रिक्त/स्वीकृत पद | |
|---|---|---|---|---|
| | | | MCLF लेखाकार | MCLF एम0आई0एस0 सहायक |
| 1. | बहादुरपुर | उन्नत प्रेरणा संकुल संघ | 1 | एम0आई0एस0 सहायक पद हेतु 9 के सापेक्ष 4 पद रिक्त है। |
| 2. | भेटुआ | नारी शक्ति प्रेरणा संकुल संघ | 1 | |
| 3. | गौरीगंज | जागृति संकुल संघ | 1 | |
| 4. | जगदीशपुर | जाफरगंज प्रेरणा संकुल संघ | 1 | |
| 5 | जगदीशपुर | अधिकार प्रेरणा संकुल समिति | 1 | |
| 6. | जामों | नारी शक्ति प्रेरणा महिला संकुल स्तरीय संघ | 1 | |
| 7. | मुसाफिरखाना | हौसला प्रेरणा संकुल संघ | 1 | |
| 8. | शाहगढ़ | शिव शक्ति महिला प्रेरणा संकुल संघ | 1 | |
| 9. | तिलोई | बुलंद प्रेरणा संकुल स्तरीय संघ | 1 | |
| | | कुल | 9 | |

मॉडल संकुल स्तरीय संघ में 'लेखाकार' एवं 'एम.आई.एस.–सहायक' के चयन प्रक्रिया से सम्बंधित समय सीमा निम्नानुसार है–

| क्र.स. | चरण | समय सीमा |
|---|---|---|
| 1. | सभी पदों के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि | 13 जुलाई 2026 |

- **संकुल स्तरीय संघ–लेखाकार हेतु योग्यताः–**

1. संकुल स्तरीय संघ लेखाकार अनिवार्य रूप से उत्तर प्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन के महिला सदस्य होनी चाहिए।
2. अभ्यर्थी का समूह अनिवार्य रूप से ग्राम संगठन एवं संकुल स्तरीय संघ का सदस्य होना चाहिए।
3. अभ्यर्थी की आयु सीमा 21 से 45 वर्ष होनी चाहिए।
4. वह अपने समूह या किसी बैंक का डिफाल्टर नहीं होना चाहिए।
5. अभ्यर्थी कम से कम 12वीं कक्षा पास होने के साथ हिन्दी लिखना–पढ़ना जानती हो और अंकगणित का अच्छा ज्ञान होना चाहिए।
6. अभ्यर्थी के पास स्मार्ट फोन/एंड्रॉयड फोन उपलब्ध हो और उस पर कार्य करने की दक्षता होनी चाहिए।
7. अभ्यर्थी बैंक शाखा में बैंक कार्य–अवधि और अन्य गाँवों में यात्रा करने में इच्छुक होनी चाहिए एवं आवश्यकतानुसार स्वंय सहायता समूहों/ग्राम संगठन/संकुल संघ की बैठक एवं क्षेत्र भ्रमण में जाने को भी इच्छुक होनी चाहिए और राज्य के भीतर और बाहर एक्सपोजर यात्राओं और प्रशिक्षण करने मे इच्छुक होनी चाहिए।
8. अभ्यर्थी को अनिवार्य रूप से समूह, ग्राम संगठन एवं सी.एल.एफ. की पुस्तकें लिखने का कम से कम 03 वर्ष का अनुभव होना चाहिए।
9. 2 साल से अधिक अनुभवी संकुल स्तरीय संघ बुक कीपर के मध्य से संकुल स्तरीय संघ लेखाकार का चयन किया जायेगा।
10. किसी भी परिस्थिति में संकुल स्तरीय संघ लेखाकार को होम संकुल स्तरीय संघ में काम करने की अनुमति नहीं दी जायेगी।

- **संकुल स्तरीय संघ– MIS सहायक हेतु योग्यताः–**

1. एम.आई.एस.–सहायक अनिवार्य रूप से महिला होनी चाहिए। इस पद के लिए उत्तर प्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन महिला समूह के सदस्य को प्राथमिकता दी जायेगी।
2. अभ्यर्थी कम से कम 12वीं कक्षा पास होने के साथ हिन्दी लिखना–पढ़ना जानती हो और अंकगणित का अच्छा ज्ञान होना चाहिए।
3. अभ्यर्थी की आयु सीमा 21 से 45 वर्ष होनी चाहिए।
4. वह अपने समूह या किसी बैंक का डिफाल्टर नहीं होना चाहिए।
5. अभ्यर्थी के पास स्मार्ट फोन/एंड्रॉयड फोन उपलब्ध हो और उस पर कार्य करने की दक्षता होनी चाहिए।
6. अभ्यर्थी को महिला समूह, ग्राम संगठन एवं संकुल स्तरीय संघ के गठन एवं प्रबंधन, वित्तीय प्रबंधन, बुक्स ऑफ रिकार्डस, आदि की अवधारणा पर 30 दिनों से अधिक समय तक रिसोर्स ब्लॉक और अन्य स्थानों पर कार्य का अनुभव एवं प्रशिक्षण प्राप्त होना चाहिए।

7. अभ्यर्थी बैंक शाखा में बैंक कार्य–अवधि और अन्य गाँवों में यात्रा करने में इच्छुक होनी चाहिए एवं आवश्यकतानुसार स्वंय सहायता समूहों/ग्राम संगठन/संकुल संघ की बैठक एवं क्षेत्र भ्रमण में जाने को भी इच्छुक होनी चाहिए और राज्य के भीतर और बाहर एक्सपोजर यात्राओं और प्रशिक्षण करने मे इच्छुक होनी चाहिए।
8. भारत सरकार अथवा राज्य सरकार द्वारा पंजीकृत संस्था से कम से कम 06 महिना का कंप्यूटर/सॉफ्टवेर कोर्स का सर्टिफिकेट होना चाहिए।
9. माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस को संचालित करने और कंप्यूटर में रिपोर्ट तैयार करने के लिए एम.आई.एस सहायक के पास कौशल होना चाहिए।
10. किसी भी परिस्थिति में संकुल स्तरीय संघ MIS सहायक को होम संकुल स्तरीय संघ में काम करने की अनुमति नहीं दी जायेगी।

उक्त सभी पदों से सम्बंधित पात्रता विवरण जैसे– आयु सीमा, शैक्षणिक योग्यता, कार्य अनुभव एवं चयन प्रक्रिया से सम्बधिंत आवेदन करने हेतु निर्देश तथा अन्य सभी जानकारियाँ एवं विज्ञापन की प्रतिलिपि मॉडल संकुल स्तरीय संघ, ग्राम संगठन, ब्लॉक मिशन प्रबंधक इकाई एवं जिला मिशन प्रबंधन ईकाई कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा किया गया है।

- **आवेदक हेतु सामान्य शर्ते–**

1. उ0प्र0 राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा अनुमोदित निर्देशों के अनुसार किसी भी स्तर पर भर्ती प्रक्रिया को निरस्त व संशोधित करने का समस्त अधिकार मॉडल संकुल स्तरीय संघ के पास सुरक्षित होगा।
2. मॉडल संकुल स्तरीय संघ की पॉलिसी व आवेदन पत्र सम्बंधित संकुल स्तरीय संघ, विकास खण्ड एवं जनपद के NIC website से प्राप्त किया जा सकता है।
3. निर्धारित प्रारूप पर आवेदन पत्र केवल अपने होम सी.एल.एफ. पर ही जमा किया जायेगा।
4. आवेदन हेतु कोई शुल्क नहीं है।

(प्रवीना शुक्ला)
उपायुक्त स्वतः रोजगार
जनपद अमेठी।

पत्रांक–243 /एस.एम./MCLF/विज्ञापन/2025–26 दिनांक–07.7.2026

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मिशन निदेशक, महोदया उ0प्र0रा0ग्रा0आ0 मिशन, लखनऊ।
2. जिलाधिकारी, महोदय, जनपद अमेठी।
3. मुख्य विकास अधिकारी, जनपद अमेठी।
4. जिला अर्थ एवं सांख्यधिकारी, जनपद अमेठी।
5. जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, जनपद अमेठी को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उक्त विज्ञापन को जनपद के nic की **website** पर प्रसारित करने का कष्ट करें।
6. जिला सूचना अधिकारी, जनपद अमेठी को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उक्त विज्ञापन को सबसे अधिक पढ़े जाने वाले किन्हीं दो राष्ट्रीय समाचार–पत्रों में उचित स्थान देते हुए न्यूनतम दर पर छपवाने का कष्ट करें।
7. समस्त खण्ड विकास अधिकारी, जनपद अमेठी को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि ब्लॉक स्तर पर होने वाले चयन का व्यापक स्तर पर प्रचार–प्रसार कराना सुनिश्चित करें।
8. सहायक विकास अधिकारी–आर.डी. जनपद अमेठी को अनुपालनार्थ प्रेषित।
9. ब्लॉक मिशन प्रबंधक एस.एम.सी.बी./नोडल, जनपद अमेठी को अनुपालनार्थ प्रेषित।

07/7/2026
उपायुक्त स्वतः रोजगार
जनपद अमेठी।

DIO (NIC)
कृ0 नि0 आ0 का0 करने का कष्ट करें।
08/07/2026
D.E.St.O